संख्या-119/2026/I/1272714/2026/23-11099(099)/363/2025

प्रेषक,

अभय प्रताप श्रीवास्तव,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ: दिनांक: 19-03-2026**

विषय:- सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त होने एवं कोषागार आधारित ऑनलाईन बजटीय प्रणाली लागू होने के फलस्वरूप लोक निर्माण विभाग में कार्य पर भारित करके आई0ओ0सी0एल0 से प्राप्त धनराशि को राजकोष में जमा करने के पश्चात कार्यो के भुगतान हेतु धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-13214 बी0जी0/7बी0-आई0ओ0सी0एल0/2025-26, दिनांक 16-03-2026 एवं पत्र संख्या-11098बी0जी0/07बी0(आई0ओ0सी0एल0)/2025-26, दिनांक 20-01-2026 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के चालू कार्य योजनान्तर्गत अधोलिखित तालिका में अंकित 14 परियोजनाओं हेतु अवमुक्त धनराशि, जिसके सापेक्ष कुल रू0 428.50 लाख की धनराशि को कार्य पर भारित करते हुए आई0ओ0 सी0एल0 को अग्रिम में भुगतान किया गया था और कोषागार आधारित प्रणाली लागू होने के कारण आई0ओ0सी0एल0 से वापस प्राप्त कर राजकोष में जमा करा दिया गया है, के सापेक्ष मांगी गयी धनराशि रू0 428.50 लाख का वित्तीय वर्ष 2025-26 में पुन: अवमुक्त किए जाने की अधोलिखित विवरण/शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्र0 सं0	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत लागत	कार्य हेतु स्वीकृत धनराशि, जो ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकोष में जमा की गयी है, का विवरण ।			राजकोष में जमा की गयी धनराशि का वित्तीय वर्ष 2025-26 में पुन: आवंटन		
				शा0सं0 व दि0	चालान संख्या व दिनांक	राजकोष में जमा की गयी धनराशि	अनु0 सं0-58	अनु0 सं0- 83	योग
1	नि.ख. सोनभद्र	जनपद सोनभद्र में एम0एम0बी0सी0बी0 मार्ग के कि0मी0-18 से म्योरपुर (कोरबा) हवाई पट्टी तक दो लेन में	871.18	361/2020/ 1056ई /23-11-2020 -1/1(31) /2019, दि0-14.12.2020	E600039 Date- 06.05.2023	92.73	25.63	6.90	32.53

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

		चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य। (लम्बाई 1.500 कि0मी0 तक)							
2	प्रा.ख. रामपुर	बिशारतनगर से नवाबगंज मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 15.00 कि0मी0)	741.70	467/2021/ 1115ई/23-11-2021-1/2(122) /2020, दि0-21.10.2021	58/ Date-10.02.2023	23.118	18.21	4.90	23.11
3	नि.ख.-2 मिर्जापुर	सिन्धौरा घाट से जयहिंद पहाड़ी मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 9.70 कि0मी0	1460.14	11/2020/ 312(1)/23-11 -2019-1/2(191) /2019, दि0-03.01.2020	FN00023, 2800/FK/ 00047, Date-23.06.2023	350.09	128.12	34.49	162.61
4	नि.ख. कौशाम्बी	गोराजू मे पभोषा सम्पर्क मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य । (लम्बाई 4.00 कि0मी0)	850.56	163/2020/ आई/967ई/ 23-11-2020-1/2 (79)/2020, दि0-24.03.2020	1429013/ Date-28.03.2023	29.00	14.91	4.01	18.92
5	नि.ख.-1 मथुरा	जनपद मथुरा के अन्तर्गत राया-नीमगॉव मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण का कार्य (लम्बाई 12.932 किमी0)	786.94	268/231/ 81(आ)/23-11-2021-1/2(55)/2021, दि0-18.03.21	BM00089 AND BR00089, Date-27.02.2023	6.98	5.50	1.48	6.98
6	नि.ख.-1 हरदोई	जनपद हरदोई में शाहाबाद पिहानी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के कि0मी0 13.00 से 25.00 का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 13.00 कि0मी0)	3092.01	395/2021/600ई /23-11-2021 -1/2(122) /2021, दि0-19.07.2021	61,63/ Date-22.11.2023	364.48	52.71	14.19	66.90
7	नि.ख.-1 हरदोई	हरपालपुर-चैरास-श्रीमऊ (अन्य जिला मार्ग) के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 17.00 कि0मी0)	4435.76	64/2022/ 200ई0/23-11 -2022-1/2(122) /2020, दि0-29.03.2022	61,63/ Date-22.11.2023	364.48	5.53	1.49	7.02
8	नि.ख.-1 हरदोई	शाहाबाद-पाली-सैदपुर (अ0जि0मा0) के चैनेज 22.200 से 26.000 तक चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 3.80 कि0मी0)	793.09	48/2022/ 159ई/23-11-2022-1/1(31) /2019, दि0-09.03.2022	61,63/ Date-22.11.2023	364.48	11.49	3.09	14.58
9	नि.ख.-1	पिहानी जंगबहादुर मार्ग	3518.74	64/2022/	61, 63/	364.48	46.12	12.42	58.54

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

	हरदोई	(अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 1(700) से 19(600) के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लम्बाई 17.900 किमी0)		200ई0/23-11 -2022-1/2(122) /2020, दि0-29.03.2022	Date- 22.11.2023				
10	नि.ख.-1 एटा	नवीन राजकीय मेडिकल कालेज को दो लेन से जोड़े जाने हेतु हिन्दुस्तान लीवर सरोनी मारहरा मार्ग के कि0मी0 1,2,3,4 के चौड़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 4.00 कि0मी0)	682.84	22/2020/ 218(1)/23-11-2019-1/2(123)/ 2019,दिनांक 16.01.2020	EQ00019, Date- 26.05.2023	374.66	23.73	6.39	30.12
11	प्रा.ख. जौनपुर	जनपद जौनपुर में निरीक्षण भवन चैराहे से रैभानी तिराहा तक मार्ग के चै0 0.000 से 3.150 के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 3.150 किमी0)	481.01	307/2021/ 194आ/23-11-2021-1/2(120)/ 2021, दि0- 25.03.2021	DL00050, Date- 21.04.2023	251.54	0.74	0.20	0.94
12	प्रा.ख. जौनपुर	बटाउबीर-मई-नौपेड़वा अ0जि0मा0 के चैनेज 0.000 से 5.000 का चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 5.00 कि0मी0)	695.44	440/2021/ I/98259/ 2021-23-11002(002)/ 42/2021, दि0-15.09.2021	DL00050, Date- 21.04.2023	251.54	0.18	0.05	0.23
13	प्रा.ख. जौनपुर	जपटापुर गभिरन मुबारकपुर गौसपुर (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एव सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 15.150 कि0मी0)	1699.48	189/2020/ 33आ/23-11-2020-1/2(19) /2020, दि0- 26.03.2020	DL00050, Date- 21.04.2023	251.54	0.09	0.03	0.12
14	नि0ख0-1 बरेली	जनपद बरेली में रम्पुरा मोड से अलीगंज मार्ग के किमी0 1 से 14(880) तक चौडीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य।	1641.94	239/2020/ 654ई/23-11-2020-1/1(31) /2019, दि0- 30.07.2020	BN00167 Date- 23.02.2023	5.90	4.65	1.25	5.90
		योग:-					**337.61**	**90.89**	**428.50**

<u>शर्ते व प्रतिबन्ध</u>

(1) उक्त कार्यों हेतु स्वीकृत की जा रही धनराशि को क्षेत्र को आवंटित किए जाने से पूर्व मुख्य अभियन्ता (मु०-1), लोक निर्माण विभाग द्वारा अपने स्तर से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित परियोजनाओं के लिए तेल विपणन कंपनियों को अग्रिम रूप से जो धनराशि भुगतान की गई थी, वह

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

उसी शासनादेश के अंतर्गत आवंटित की गई थी, जिसका विवरण संदर्भित पत्र के साथ संलग्न सूची में उपलब्ध कराया गया है।

(2) स्वीकृत की जा रही धनराशि के उपभोग/व्यय से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाय कि उक्त धनराशि वास्तविक रूप से राजकोष में जमा हो गयी है और राजकोष में जमा की गयी धनराशि उसी कार्य की है, जिस कार्य के लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है। इस आशय का प्रमाण-पत्र भी सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी द्वारा क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता से प्रतिहस्ताक्षरित कर प्राप्त कर लिया जाय।

(3) यह सुनिश्चित किया जाए कि ऑयल कम्पनियों से वापस ली गयी धनराशि का उपयोग केवल उन्हीं कार्य पर किया जाए जिन कार्य पर प्रथमतः उसे भारित कर भुगतान किया गया है। किसी भी दशा में मूल कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों पर इसका व्यवर्तन नहीं किया जायेगा। कार्य पूर्ण होने पर यदि कोई धनराशि अवशेष रह जाती है तो उसे नियमानुसार कार्य के सुसंगत प्राप्ति मद में शासन के पक्ष में कोषागार में जमा कर दी जाए।

(4) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(5) प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(6) अवमुक्त की जा रही धनराशि के व्यय से पूर्व उपरोक्त परियोजना के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक शासनादेश की समस्त शर्तो एवं प्रतिबन्ध का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(7) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) अवमुक्त की जा रही धनराशि का व्यय किए जाने से पूर्व वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में निहित प्राविधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) प्रश्नगत धनावन्टन सम्बन्धी आदेश की प्रति, कार्यवृत्त विषयक पत्र संख्या -I/952140/2025, दिनांक 02-05-2025 एवं पत्र संख्या-I/962076/2025, दिनांक 14-05-2025 की प्रति सहित प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज (इलाहाबाद) को प्रेषित की जाय। महालेखाकार को प्रेषित मासिक लेखों के साथ विभाग द्वारा आई0ओ0सी0एल0 से प्राप्त कर राजकोष में जमा धनराशि के चालान की प्रति भी अवश्य प्रेषित की जाए।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय (1) 3,37,61,000 (रूपये तीन करोड़ सैतीस लाख इकसठ हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054043371323 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था (राज्य सेक्टर) मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य (2) रू0 90,89,000 (रूपये नब्बे लाख नवासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054047891300 राज्य/प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के कार्यो हेतु मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनांक 27-03-2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

<u>संख्या व दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी,उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(अभय प्रताप श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in